CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 27 □ अंक- 282 □ रायपुर, बुधवार 6 नवम्बर 2024 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# ट्रंप की शानदार जीत




## अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के मतदान के बाद मतगणना में आ रहे नतीजों में रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप को शानदार जीत मिल रही है जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस काफी पीछे रह गई हैं। चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप शुरुआती मतगणना में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस से आगे हैं। हालांकि, व्हाइट हाउस की दौड़ में कौन जीतेगा यह तस्वीर उन सात राज्यों के नतीजों से तय होगा, जिन्हें 'स्विंग राज्य% माना जाता है।

चुनाव परिणामों की घोषणा में, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 277 निर्वाचन मत प्राप्त कर लिए हैं, जिससे उन्होंने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने 226 मत प्राप्त किए हैं। चुनाव के नतीजे अभी भी आना जारी हैं, जिसमें कुल 35 मतों की गिनती बाकी है। इस समय ट्रंप ने इन 35 मतों में से सभी में बढ़त बना रखी है, जबकि हैरिस के खाते में कोई आगे का मत नहीं आया है। यदि वर्तमान स्थिति बनी रहती है, तो ट्रंप का कुल मत 312 तक जा सकता है, जबकि हैरिस के लिए यह आंकड़ा 226 पर स्थिर रह सकता है। चुनाव के परिणामों पर जनता की नजरें हैं, और इससे यह स्पष्ट होता है कि ट्रंप ने चुनावी अभियान में मजबूती से अपनी स्थिति स्थापित की है। आगे के परिणामों का इंतजार सभी कर रहे हैं।

### मोदी ने ट्रंप को दी बधाई



राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय होने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।

### भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे : एस. जयशंकर



अमेरिकी चुनाव 2024 को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने पिछले पांच राष्ट्रपति कार्यकालों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों में स्थिर प्रगति देखी है और अमेरिका के साथ उसके संबंध और मजबूत होने वाले हैं, भले ही मौजूदा अमेरिकी चुनाव का नतीजा कुछ भी हो। यहां अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में जयशंकर ने क्वाड के भविष्य के बारे में भी आशा व्यक्त की।

## हाईवे पर बोलेरो से बाइक टकराई दो लोगों की मौके पर ही मौत



**गरियाबंद,** 6 नवंबर (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे पर बोलेरा से टकराकर बाइक चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुटी. यह घटना नेशनल हाइवे 130 सी में देवभोग थाना क्षेत्र के डोहेल ग्राम के पास की है.

देवभोग से जा रही बोलेरा वाहन से मूडागांव की ओर से आ रही बाइक की सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक चालक व सवार 20 मीटर दूर फेंका गए. हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए. वहीं बोलेरा का सामने का हिस्सा उखड़ गया है. हादसे में बाइक चालक भवनों मांझी उम्र 35 साल व सवार दुलार मांझी उम्र 50 वर्ष की मौके पर मौत हो गई. दोनों आपस में ममेरा भाई हैं, जो निजी काम से रात्रि लगभग मुड़ागांव से देवभोग की ओर आ रहे थे. बोलेरो खोखमा ग्राम का है, जो सराईपानी से आए मरीज को लेकर वापस लौट रही थी. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया है. दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 को दिया. मौके से दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार और चालक को मृत घोषित कर दिया. देवभोग थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने कहा कि अपराध कायम कर मामले की जांच की जा रही है. घटना की वजह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना प्रतीत हो रहा है. सड़क चौड़ी होने के बावजूद आपस में टकराना समझ से परे है. शव को मर्च्यूरी भेज दिया गया है. पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अगले 5 दिनों में बारिश के आसार, 10 के बाद पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली में नवंबर के बावजूद ठंड का कोई खास असर नजर नहीं आ रहा है, लेकिन वायु प्रदूषण और स्मॉग की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। आज, 6 नवंबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 358 रिकॉर्ड किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मॉग से राहत तभी मिल सकती है, जब बारिश हो, लेकिन भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। दिल्ली में ठंड का असर न होने के बावजूद, देश के अन्य हिस्सों में तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, अगले 5 दिनों में देश के कई राज्यों में बारिश के आसार हैं। इसके अलावा, उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड बढ़ रही है।

### शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ पटना में किया जाएगा : नीतीश कुमार



**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (न्यूज चैनल)। प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर आज (6 नवंबर) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां उनका अंतिम संस्कार पटना में किया जाएगा। बिहार कोकिला के नाम से मशहूर प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार (5 नवंबर) को रात करीब 9.20 बजे सेप्टीसीमिया के कारण अपवर्तक सदमे के कारण निधन हो गया। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान सिन्हा ने उनके अंतिम संस्कार की जानकारी देते हुए कहा कि उनका पार्थिव शरीर सुबह करीब 9.40 बजे पटना पहुंचेगा। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बुधवार को घोषणा की कि लोकप्रिय लोक गायिका शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। सिन्हा का मंगलवार रात करीब 9.20 बजे सेप्टीसीमिया के कारण हुए रिफ्रैक्टरी शॉक के कारण निधन हो गया। सीएमओ के अनुसार, कुमार ने पटना के जिला मजिस्ट्रेट को सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।




चूहा- सुनती हो, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प फिर राष्ट्रपति बन गए हैं।
चुहिया- हां जी, अमेरिका की राजनीति का 'ट्रम्पकार्ड' ट्रम्प के ही पास है।

## पीएलजीए ने जगरगुंडा बाजार में जवानों पर हमले की बात स्वीकारी, लूटे गए हथियारों की तस्वीरें भी जारी की




**जगदलपुर,** 6 नवंबर (हाईवे चैनल)। सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाज़ार में रविवार को 2 जवानों के ऊपर नक्सलियों ने हमला करते हुए उनके पास से हथियार भी लूट कर ले गए थे। घटना के बाद घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, वहीं अब नक्सलियों ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए लूटे हुए हथियार की फ़ोटो के साथ ही विज्ञप्ति भी जारी की। बीते रविवार को सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाज़ार की ड्यूटी में तैनात जवानों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। जवानों पर हुए अचानक से हमले के बाद बाजार में दहशत फैल गई। घटना के तत्काल बाद घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया। आसपास के लोगों का कहना था कि बाजार में ड्यूटी कर रहे दो जवानों पर नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने हमला कर दिया। हमले में दो जवान घायल हुए, जिन्हें जगरगुंडा अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। बाजार में घटना के बाद अफरा-तफरी होते ही पुलिस ने इलाक़े को घेर लिया। घटना के 24 घंटे के बाद दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के प्रवक्ता समता ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस घटना को नक्सलियों की पीएलजीए के लड़ाकुओं ने सुबह 8 बजे अंजाम दिया,

## घर में आग लगने से 5 मवेशी जिंदा जले, धान जलकर खाक



**सूरजपुर,** 6 नवंबर (हाईवे चैनल)। घर में भीषण आग लगने से पांच मवेशी जिंदा जल गए. साथ ही किसान का धान जलकर खाक हो गया. यह घटना सोनपुर गांव की है. आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक भूलन सिंह मारवी, एसडीएम घटना स्थल पहुंचे हैं.

## बलौदाबाजार जैतखाम तोड़फोड़ और कलेक्टरोरेट में आगजनी के जांच के लिए गठित जांच आयोग का कार्यकाल बढ़ा



**रायपुर,** 6 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले की जांच के लिए गठित सेवानिवृत्त न्यायाधीश वाजपेयी की अध्यक्षता वाली जांच आयोग का कार्यकाल सरकार ने बढ़ा दिया है। आयोग का कार्यकाल बढ़ाये जाने की अधिसूचना जारी दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार आयोग का कार्यकाल 12 अक्टूबर को खत्म हो चुका है, लेकिन जांच आयोग का काम अभी पूरा नहीं हुआ, इसलिए आयोग के कार्यकाल में चार महीने की वृद्धि की गई है। अब यह आयोग 12 फरवरी 2025 तक काम करेगा। बता दें कि इसी साल मई में बलौदाबाजार के धार्मिक स्थल अमरगुफा में जैतखाम को क्षतिग्रस्त करने की घटना सामने आई थी। इसी मामले को लेकर जून में उग्र भीड़ ने बलौदाबाजार कलेक्टरोरेट में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी थी। इस मामले की जांच के लिए सरकार ने यह आयोग गठित किया है।

## हल्के मोटर वाहन लाइसेंस धारक 7500 किलोग्राम तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन चलाने के हकदार : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि एलएमवी का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम से कम वजन वाले परिवहन वाहन को चलाने के हकदार हैं।

कोर्ट ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यह साबित हो सके कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने प्रधान न्यायाधीश सहित चार न्यायाधीशों की ओर से फैसला लिखते हुए कहा कि यह मुद्दा हल्के मोटर वाहन लाइसेंस धारकों वाले चालकों की आजीविका से संबंधित है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ इस पर फैसला सुनाया। यह कानूनी सवाल दुर्घटना मामलों में बीमा कंपनियों की तरफ से मुआवजे के दावों के विवादों का कारण बन रहा था, जिनमें एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस धारकों की तरफ से ट्रांसपोर्ट वाहन चलाए जा रहे थे।

## शरद पवार लेने जा रहे राजनीति से संन्यास!



**संजय राउत बोले- ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, लेकिन...**

**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (न्यूज चैनल)। शरद पवार के सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने के संकेत पर, शिव सेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत का बयान सामने आता है। संजय राउत ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पवार साहब ने उल्लेख किया है कि वह संन्यास लेना चाहते हैं, लेकिन उनके समर्थक और उन्हें चाहने वाले उनसे संन्यास न लेने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कोई दूसरा राजनेता नहीं है जिसके पास 60 साल का संसदीय अनुभव हो। वह हमारे लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया। वरिष्ठ राजनेता ने कहा कि उन्होंने 14 बार चुनाव लड़ा है और नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपने की जरूरत पर जोर दिया। पवार ने पार्टी उम्मीदवार और पोते युगेंद्र पवार के लिए प्रचार करने के लिए बारामती की अपनी यात्रा के दौरान यह टिप्पणी की, जो 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपने चाचा अजीत पवार से मुकाबला करेंगे।

## हवाई यात्रियों के लिए बड़ी खबर!

# अब 3000 फीट की ऊंचाई पर विमान में कर सकेंगे इंटरनेट का इस्तेमाल



**नई दिल्ली,** 6 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भारत सरकार ने हवाई यात्रियों के लिए एक नई घोषणा की है। अब हवाई जहाज में यात्रा करते समय यात्रियों को विमान के 3,000 मीटर (लगभग 10,000 फीट) की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद इंटरनेट का इस्तेमाल करने की अनुमति मिलेगी। इस संबंध में केंद्र सरकार ने उड़ान और समुद्री संपर्क (संशोधन) अधिनियम के तहत एक नई अधिसूचना जारी की है, जिसके तहत यह नियम सभी उड़ानों पर लागू होगा।

इससे पहले 2018 में सरकार ने यह नियम लागू किया था कि विमान में मोबाइल कम्युनिकेशन सर्विस तभी शुरू की जा सकती है जब विमान 3,000 मीटर (लगभग 10,000 फीट) की न्यूनतम ऊंचाई तक पहुंच जाए। अब सरकार ने नए नियमों में बदलाव करते हुए यह स्पष्ट किया है कि इस ऊंचाई पर पहुंचने के बाद वाई-फाई के माध्यम से इंटरनेट सेवा तब ही शुरू की जाएगी जब विमान में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी। इसका मतलब यह है कि 3,000 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद भी, इंटरनेट सेवाएं तभी उपलब्ध कराई जाएंगी जब यात्रियों को अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इस्तेमाल करने की अनुमति मिल जाएगी।

नई नीति के तहत, विमान के कैप्टन के पास यह अधिकार होगा कि वह उड़ान के दौरान वाई-फाई को चालू या बंद करें। वाई-फाई तब चालू किया जाएगा जब विमान स्थिर गति (स्टेबल स्पीड) पर होगा, यानी विमान हवा में ठीक से उड़ रहा होगा। वहीं, टेक-ऑफ या लैंडिंग के दौरान वाई-फाई बंद रहेगा। यह कदम विमान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि टेक-ऑफ और लैंडिंग के दौरान किसी भी तरह की तकनीकी समस्या से बचा जा सके।

CMYK